को वित्तीय सहायता तथा संस्कृत विद्या-पीठों में संस्कृत का अध्यापन आदि।

2. राजभाषा विभाग भी केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में हिन्दी के राज-भाषा के रूप में प्रयोग के क्षेत्र के विकास के कई कार्यक्रमों को चलाने में क्रियाशील है। महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में कुछ इस प्रकार है :—

(1) द्विभाषी (हिन्दी-अंग्रेजी) प्रयोग के लिए आधुनिक यांत्रिक सुविधाओं और कार्यालय उपस्करों का विकास।

(2) सभी सरकारी कोडों, मैनुअलों तथा गैर-सांविधिक प्रक्रिया साहित्य का हिन्दी में अनुवाद।

(3) हिन्दी का ज्ञान न रखने वाले सरकारी कर्मचारियों को हिन्दी भाषा का प्रशिक्षण।

(4) केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों के अंग्रेजी के टंककों और आशुलिपिकों को हिन्दी टंकण और आशुलिपि का प्रशिक्षण।

(5) राजकाज में हिन्दी के प्रयोग के लिए उपयुक्त वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से प्रचार।

3. विद्यार्थी विभाग (राजभाषा खंड), विधि और न्याय मंत्रालय, विधि के क्षेत्र में हिन्दी के प्रयोग के कार्यक्षेत्र के विकास के लिए केन्द्रीय अधिनियमों, अध्यादेशों तथा सांविधिक साहित्य के हिन्दी अनुवाद के कार्यक्रमों को सक्रिय रूप से चला रहा है। इसी प्रकार वह केन्द्रीय अधिनियमों आदि का अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवाद कर रहा है।

नेपाल स्थित भारतीय दूतावास में समारोह

1542. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नेपाल में प्रजातंत्र की बहाली की पूर्वसंध्या पर नेपाल स्थित भारतीय दूतावास में कोई समारोह आयोजित किया गया था;

(ख) क्या नेपाल कांग्रेस के नेताओं ने भारतीय दूतावास से सम्पर्क किया था; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में भारतीय दूतावास की क्या प्रतिक्रिया था ?

विदेश मंत्री (श्री इन्द्र कुमार गुजराल): (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) हमारा राजदूतावास नेपाल में बहुदलीय लोकतंत्र की बहाली से पहले, उसके दौरान तथा उसके बाद भी वहां की राजनीतिक विचारधारा के सभी वर्गों के लोगों से जिसमें नेपाली कांग्रेस भी शामिल है, बराबर सम्पर्क बनाए रहा हैं।

Circular issued by D. G. of Punjab Police

1543. SHRI SANTOSH BAGRODIA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the staff circular issued by the Director General of Punjab Police on 1st April, 1990 offering a reward of Rs. 40, 000/- for the arrest/apprehension of each of the 41 wanted terrorists listed in it; and

(b) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFI AIRS (SHRI SUBODH KANT SAHAY): (a) Yes, Sir.

(b) The Circular in qustion announced reward for showing exemplary courage in the course of duty in effecting the arrest/apprehension of 41 wanted terrorists, who had been evading arrest, for maintenance of public order in the State.